वार्षिक प्रतिवेदन
राजनीति विज्ञान विभाग
सत्र 2022-2023

● विभाग का परिचय-

राजनीति विज्ञान विभाग में स्नातक स्तर पर अध्यापन महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1957 से प्रारंभ हुआ तक परास्नातक कक्षाओं में अध्यापन 1982 से प्रारंभ किया गया

स्वीकृत पद-

राजनीति विज्ञान विभाग में 4 सहायक प्राध्यापक पद स्वीकृत है।

विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक

1. डॉ.अंजनाठाकुर-प्राध्यापक विभागाध्यक्ष
2. डॉ. अमिता बक्शी-प्राध्यापक
3. डॉ. राजकुमार बंजारे -सहायक प्राध्यापक
4. प्रो. संजय सप्तर्षि -सहायक प्राध्यापक
5. प्रो.हेमंत नंदागौरी -सहायक प्राध्यापक (विधी)

पीछले वर्ष का परीक्षा परिणाम

क्रमांक	कक्षा	छात्र संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1.	बी.ए.प्रथम वर्ष	279	279	100%
2.	बी.ए.द्वितीय वर्ष	240	240	100%
3.	बी.ए. तृतीय वर्ष	220	220	100%
4.	एम.ए. पूर्व	50	48	98%
5.	एम.ए.अंतिम	44	44	100%

सत्र 2022-23 में आयोजित विभगिय गतिविधियां

1.पाठ्यक्रम समिति की बैठक -दिनांक 22 जुलाई 2022

पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 22 जुलाई 2022 को 12.00 बजे आयोजित किया गया ।जिसमे कुलपति के द्वारा मनोनीत डॉ. बी.एन. मेश्राम प्राचार्य, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय,डोंगरगांव,डॉके.बी.शर्मा,प्राचार्य शासकीय,महाविद्यालय,गुड़ियारी,रायपुर, डॉ नागरत्ना गणवीर, शासकीय महाविद्यालय रिसाली,दुर्ग एवं विद्यार्थियों में कु. रोशनी तथा विनीता मदान उपस्थित रहे ।

इस वर्ष नवीन शिक्षा प्रणाली 2020 के अंतर्गत सीबीसीएस/एलओसीएफ को स्नातक प्रथम सेमेस्टर से लागू किया गया साथ ही परास्नातक के प्रथम सेमेस्टर में भारतीय विदेश नीति का नवीन प्रश्न पत्र शामिल किया गया। इसकी पूरी जानकारी अध्ययन मंडल को दी गई तत्पश्चात इनके अनुमोदन द्वारा पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन किया गया ।

2.तिलक जयंती- 23 जुलाई 2022

प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर निर्देशन में एवं विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में तिलक जयंती का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एच एस ऑलरेजा रहे।उन्होंने बताया कि तिलक का भारतीय संस्कृति एवम परंपरा पर आधारित दर्शन ही

उन्हें स्वराज प्राप्ति हेतु प्रेरित करता है। आगे उन्होंने बताया कि किस प्रकार से उन्होंने जनमानस को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ने सार्वजनिक गणेश उत्सव शुरू किया तथा सामान्य लोगो को आपस में जुड़ने के लिए एक मंच दिया जिससे वे एक दूसरे के विचारो को साझा कर सके तथा आपस में विचार विमर्श कर स्वराज्य हासिल करने का मार्ग प्रशस्त कर सके। तिलक ने स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूंगा का नारा दिया था।

विषय प्रवर्तन करते हुए विभागाध्यक्ष डा. अंजना ठाकुर ने बतलाय की स्वतंत्रता आंदोलन में गरम दल की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को रत्नागिरी महाराष्ट्र में हुआ था. उन्होंने अंग्रेजी भाषा में मराठा एवम मराठी में केसरी समाचार पत्र निकाले। उन्होंने गीता रहस्य,द आर्कटिक होम ऑफ द वेदाज, द ओरिओन' आदि पुस्तके लिखी थी भारतीय असंतोष के जनक बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज्य प्राप्ति के लिए स्वदेशी एवं स्वशासन को महत्वपूर्ण बताया। विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने अतिथि का स्वागत किया, संचालन संजय सप्तर्षि ने एवम धन्यवाद ज्ञापन हेमंत नंदा गौरी ने किया। उक्त अवसर पर एम ए तृतीय सेमेस्टर, बी ए द्वितीय एवम तृतीय वर्ष के छात्र उपस्थित रहे।

3.राजनीति विज्ञान परिषद का गठन-परिषद का गठन -09 सितंबर 2022

विभाग की गतिविधियों को संचालित करने हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर परिषद का गठन 09 सितंबर 2022 को विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया।

अध्यक्ष- कु. जीतेश्वरी भार्गव

उपाध्यक्ष- गुणवंत सिंह

सचिव- भागवत वर्मा

सहसचिव- रूखमणी

कोषाध्यक्ष- प्रीति साहू

आयोजन प्रभारी- जीवन लाल, सोनम, माधुरी, कविता, दिनेश्वरी, हिमानी, आमीन, गूंजा, सुलोचना प्रचार-प्रसार - लोकेश्वरी, रेशमी, सपना, चांदनी, मोना, खुशबू, सुमन आदि। ज्ञात हो की विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में राजनीति विज्ञान परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

4. सरदार भगत सिंह जयंती- दिनांक 28 सितंबर 2022

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर में सरदार भगत सिंह के राजनीतिक एवं सामाजिक विचार विषय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. दीपक वर्मा, सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय रानी अवंती बाई महाविद्यालय घुमका रहे। कार्यकम में प्रो. संजय सप्तर्षि ने भगत सिंह जी का संक्षिप्त परिचय दिया। विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने उनके बारे बताए की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारियों में से एक, भगत सिंह। उनका जन्म 28 सितंबर, 1907 को हुआ था और महज 23 वर्ष की आयु में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर ने विद्यार्थियों से सरदार भगत सिंह के विचारधारा को अपने हृदय में जगाए रखने का आव्हान किया उन्होंने कहा की सरदार भगत सिंह के विचारो पर चल कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। भगत सिंह के द्वारा दिया गया नारा इंकलाब जिंदाबाद कहते ही एक भारतीय के रगो में देशभक्ति की भावना का संचार हो जाता है।इस भावना का सम्मान करना है।

कार्यकम के मुख्य अतिथि प्रो. दीपक वर्मा के द्वारा सरदार भगत के राजनीति एवं सामाजिक विचार विषय में अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने सरदार भगत सिंह का जीवन परिचय दिया। उनके एक सामान्य से नौजवान से सरदार भगत सिंह बनने का एक साहसिक सफर के बारे में बताए गया। जन्म से लेकर अंतिम क्षण तक वे अपने विचारो को बुलंद करने में लगे हुए थे भगत सिंह केवल क्रांतिकारी ही नही वे विचारक, लेखक, समाज सुधारक एवं चिंतक थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रो हेमंत नंदागौरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन प्रो.संजय सप्तर्षि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर,विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर , प्रो.संजय सप्तर्षि,

प्रो.हेमंत नंदागौरी सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियो में मोना , गीतांजलि, फुलेश्वरी, जीतेश्वरी,ऋतु, ईशा, प्रीति साहू, उन्नति, पल्लवी, दमन लाल, शिवाराम, तरुण, गुणवंत सिंह, माधुरी, कविता आदि ने कार्यकम में भाग लेकर कार्यकम को सफल बनाया।

राजनीति विज्ञान विभाग में सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर में सरदार भगत सिंह के राजनीतिक एवं सामाजिक विचार विषय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. दीपक वर्मा, सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय रानी अवंती बाई महाविद्यालय चुमका रहेस कार्यक्रम में प्रो. संजय सप्तर्षि ने भगत सिंह जी का संक्षिप्त परिचय दियास विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने उनके बारे बताए की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारियों में से एक, भगत सिंह. उनका जन्म 28 सितंबर, 1907 को हुआ था और महज 23 वर्ष की आयु में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे. दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर ने विद्यार्थियों से सरदार भगत सिंह के विचारधारा को अपने हृदय में जगाए रखने का आव्हान किया.

5.अंतर्विषयक व्याख्यान- प्रो. ललिता साहू

समाजशास्त्र की सहायक प्राध्यापक प्रो ललिता साहू ने राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों को सामाजिक परिवर्तन का राजनीतिक प्रभाव विषय पर व्यख्यान दिया। उन्होने बताया कि किस तरह से समाज मे होने वाले परिवर्तनों द्वारा राजनीति में परिवर्तन होता है साथ ही राजनीति द्वारा भी सामाजिक परिवर्तन भी होते है।उक्त अवसर पर विषय विशेषज्ञ का स्वागत डॉ राजकुमार बंजारे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. हेमंत नन्दा गौरी ने किया साथ ही भारी संख्या में स्नातक स्तर के छात्र उपस्थित रहे।

6.अंतर्विषय व्याख्यान -प्रो. हिरेंद्र बहादुर ठाकुर

इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो हीरेन्द्र बहादुर ने 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम विषय पर व्यख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह से अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ 1857 में हिन्दुस्तान में आजादी की प्रथम लड़ाई लड़ी गई हालॉकि यह अपने मुकाम तक नही पहुंच पाइ क्योंकि उस समय संचार के साधन नही थे जिसके चलते आम जन इस आंदोलन से नही जुड़ पाया फिर भी इसने भारतीयों के मन मे राष्ट्रवाद की भावना को बल प्रदान किया तथा आने वाले समय मे भारतीय स्वतंत्रता के बारे मे सोच सके और उन्होंने भारत को स्वतंत्र करने के लिए महात्मा गांधी के नेतृत्व मे निर्णायक लड़ाई लड़ी। उक्त अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

7.अंतर्विषय व्याख्यान- डॉ. ललित प्रधान

प्राचार्य डॉ के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। व्याख्यान का मुख्य विषय ' मनु का राजनीतिक दर्शन' था। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर डॉ. ललित प्रधान आर्य ,सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, ने अपना व्याख्यान दिया।अपने व्याख्यान मे उन्होंने बताया की मनु ने अपने ग्रंथ मनु स्मृति लिखी है जिसे आदिकालीन ग्रंथ मन जाता है जिसमे मनु ने अपने राजनीतिक विचार प्रस्तुत किए है। मनु ने अपने राजनीतिक विचारों में राज्य की उत्पत्ति के दैवीय सिद्धान्त का समर्थन किया है। उसके मतानुसार राज्य की उत्पत्ति समाज में सुशासन तथा व्यवस्था रखने के लिए हुई है। जिस समय कोई राजा नहीं था, उस समय चारों ओर भय और आतंक का साम्राज्य व्याप्त था। शक्तिशाली निर्बल लोगों के अधिकारों को हड़प लेते थे कार्यक्रम का संचालन हेमंत नंदागौरी के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत डॉ. राजकुमार बंजारे ने किया कार्यक्रम में विभाग के प्रो. संजय सप्तर्षि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

8.अंतर्विषय व्याख्यान - डॉ.एस जेनामणि

भूगोल विभाग केसहायक प्राध्यापक डॉ एस.जेनमणि द्वारा जलवायु परिवर्तन पर अंतर्विभागीय व्यख्यान दिया गया।**पृथ्वी पर लगातार विभिन्न प्रकार के गैसों के बढ़ते मिश्रण के कारण वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि हुई है। जिस कारण संपूर्ण विश्व में जो प्रभाव उत्पन्न हुआ है। उसे Global Warming (भूमंडलीय तापन) के नाम से जाना जाता है। इस कारण वैश्विक तापन में औसत वृद्धि हुई है। परीणाम स्वरूप मौसम में बदलाव, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, बाढ़, सूखा जैसी समस्याएं विश्व पटल पर आई है।**

Global Warming (भूमण्डलीय तापन) ग्रीनहाउस गैसों कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, क्लोरोफ्लोरोकार्बन, नाइट्रस आक्साइड इत्यादि के अत्यधिक उत्सर्जन के कारण होने वाले प्रभावों से हो रहा है। अपने व्यख्यान में उन्होंने बताया कि किस तरह से भूमण्डलीय तापन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन हो रहा है जिससे सभी देश चाहे बड़े हो या छोटे, गरीब हो या अमीर समान रूप से प्रभावित है अतः सभी राष्ट्रों की इससे निपटने की समान जिम्मेदारी है कोई भी इससे मुँह नही फेर सकता। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने की आवश्यकता है तथा इसको प्रभावी रूप से लागू करना भी जरूरी है। ।उक्त अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

9.अतिथि व्याख्यान-डॉ. मल्लिका सुर

राजनीति विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत मानवाधिकार और भारतीय संविधान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ मल्लिका सुर, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, शासकीय महाविद्यालय,अभनपुर रही। उन्होंने व्याख्यान से पहले भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया और भारतीय संविधान एवम मानव अधिकार पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव अधिकार की धारणा काफी पुराने समय से चली आ रही है परंतु वर्तमान समय में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना तथा सार्वभौम मानवाधिकार की घोषणा (10.12.1948) ने मनवा अधिकार को न केवल सर्वव्यापी बना दिया बल्कि इसके लिए बहुत से अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाए गए जिससे लोगो के इन अधिकारो को संरक्षित किया जाए। आगे उन्होंने बताया कि किस तरह भारतीय संविधान मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है क्योंकि हमारा संविधान केवल अपने देश के नागरिकों के लिए ही मौलिक अधिकार की बात नहीं करता बल्कि वह भारत के बाहर से आए हुए लोगो की बात करता है। इसलिए मानवाधिकार का संरक्षण भारतीय संविधान करता है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर ने उपस्थित छात्रों से भारतीय संविधान संबंधित प्रश्न पूछे एवम उन्हें उपहार भी दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संजय सप्तर्षि ने किया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजकुमार बंजारे ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रो हेमंत नंदगौरी सहित स्नातक एवम स्नातकोत्तर स्तर के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भारतीय संविधान मानवाधिकारों को देती है सुरक्षा : डा अंजना

संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते विशेषज्ञ। ● कालेज प्रबंधन

राजनांदगांव (वि.)। दिग्विजय कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत मानवाधिकार और भारतीय संविधान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डा. मल्लिका सुर थी।

उन्होंने व्याख्यान से पहले भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया और भारतीय संविधान एवम मानव अधिकार पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव अधिकार की धारणा काफी पुराने समय से चली आ रही है परंतु वर्तमान समय में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना तथा सार्वभौम मानवाधिकार की घोषणा 10 दिसंबर 1948) ने मानवाधिकार को न केवल सर्वव्यापी बना दिया। बल्कि इसके लिए बहुत से अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाए गए जिससे लोगों के इन अधिकारों को संरक्षित किया जाए।

आगे उन्होंने बताया कि किस तरह भारतीय संविधान मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है क्योंकि हमारा संविधान केवल अपने देश के नागरिकों के लिए ही मौलिक अधिकार की बात नहीं करता बल्कि वह भारत के बाहर से आए हुए लोगों की बात करता है। इसलिए मानवाधिकार का संरक्षण भारतीय संविधान करता है। व्याख्यान को डा. अंजना ठाकुर ने भी संबोधित किया। प्राचार्य डा. केएल टांडेकर ने उपस्थित छात्रों से भारतीय संविधान संबंधित प्रश्न पूछे एवं उन्हें उपहार भी दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय सप्तर्षि ने किया।

10. मानवाधिकार पर विशेष व्याख्यान : डॉ सीमा खान

राजनीति विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत मानवाधिकार और भारतीय शासन व्यवस्था विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. उक्त अवसर विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ सीमा खान, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ,डी बी कन्या महाविद्यालय, रायपुर रही जिन्होंने भारत मे मानवाधिकार संरक्षण संबंधित कानूनों का वर्णन किया तथा भारतीय परंपरा मे मानवाधिकार के बारे मे भी अवगत कराया। उन्होंने मानवाधिकार संरक्षण मे भारत की वैश्विक स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा की इस मामले मे भारत की छवि महाशक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका से भी बेहतर है क्योंकि भारतीय संस्कृति ही मानव मूल्यों के प्रति लोगों को जागरूक करती है जो की भारतीय राजनीतिक व्यवस्था को भी प्रभावित करती है जिसके चलते भारत सरकार ने वैश्विक मानकों के अनुरूप मानवाधिकार संरक्षण कानून बनाए है तथा संविधान मे तो पहले से ही इसे जगह दी है। उक्त अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने विषय के बारे मे अवगत कराया, डॉ राजकुमार बंजारे ने अतिथि का स्वागत किया व प्रो हेमंत नंदगौरी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। उक्त कार्यक्रम में स्नातक एवम स्नातकोत्तर स्तर के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

11. राजनीति विज्ञान विभाग में संविधान दिवस के अवसर अतिथि व्याख्यान आयोजन

शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में सविधान दिवस पर संविधान के प्रस्तवाना का वाचन एवं उस पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. के.के. द्विवेदी सहायक प्राध्यापक भूगोल शासकीय कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन संजय सप्तृषि के द्वारा दिया गया। कार्यकम में स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष के द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. के.के. द्विवेदी के द्वारा संविधान दिवस की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों को सविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया।उन्होंने सविधान दिवस के महत्व को बताया कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजकुमार बंजारे के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर , डॉ. राजकुमार बंजारे प्रो.संजय सप्तर्षि, प्रो.हेमंत नंदागौरी सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियो समीर भारती,ऋतु निषाद,योगराज सोनम वर्मा,ने कार्यकम में भाग लेकर कार्यकम को सफल बनाया।

12 .राजनिति विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत आनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन एवम विभागाध्यक्ष, राजनिति विज्ञान विभाग, डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत भारत में मानवाधिकार विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ मणि मेखला शुक्ला,प्राध्यापक, राजनिति विज्ञान विभाग, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई रही जिन्होंने बताया की भारत के सभी धर्मों एवं परम्पराओं में मानवाधिकार विषयक विचार किसी न किसी रूप में निहित रहे हैं और इन्होने काफी हद तक मानव अधिकार के प्रति जागरूकता की वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में मानवाधिकार का विषय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सर्वव्यापी हुआ जब इसके संरक्षण से संबंधित कानून बने इनमे सबसे महत्वपूर्ण 10 दिसंबर 1948 का संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र रहा, इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून है जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां तक भारत में मानवाधिकार संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रावधान का प्रश्न है तो इस संबंध में 1993 में मानवाधिकार अधिनियम लागू किया गया। ।विषय विशेषज्ञ का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैल्यू एडेड कोर्स के सहसंयोजक प्रो हेमंत नंदागौरी तथा धन्यवाद ज्ञापन डा राजकुमार बंजारे ने किया। उक्त अवसर पर प्रो संजय सप्तर्षि सहित स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के बहुत से छात्र आनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

राजनिति विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत आनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन



राजनानंदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन एवम विभागाध्यक्ष, राजनिति विज्ञान विभाग, डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत भारत में मानवाधिकार विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ मणि मेखला शुक्ला,प्राध्यापक, राजनिति विज्ञान विभाग, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई रही जिन्होंने बताया की भारत के सभी धर्मों एवं परम्पराओं में मानवाधिकार विषयक विचार किसी न किसी रूप में निहित रहे हैं और इन्होने काफी हद तक मानव अधिकार के प्रति जागरूकता की वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में मानवाधिकार का विषय द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सर्वव्यापी हुआ जब इसके संरक्षण से संबंधित कानून बने इनमे सबसे महत्वपूर्ण 10 दिसंबर 1948 का संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र रहा, इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून है जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां तक भारत में मानवाधिकार संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रावधान का प्रश्न है तो इस संबंध में 1993 में मानवाधिकार अधिनियम लागू किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक समीना बेगम द्वारा नेशनल आर्ट प्रेस, २०७ न्यू हैदराबाग लखनऊ से मुद्रित तथा 431/568/4 नेवाती टोला, मोमिन नगर, निकट हरिसिंह फार्महाउस, कैम्पवेल रोड, लखनऊ से प्रकाशित।

सम्पादक

13 .राजनिति विज्ञान विभाग में आनलाइन व्याख्यान का आयोजन

राजनानंदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन एवम विभागाध्यक्ष, राजनिति विज्ञान विभाग, डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत मानवाधिकार : ऐतिहासिक विकास एवम अवधारणा विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ मनीषा शर्मा , प्राध्यापक, राजनिति विज्ञान विभाग, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर रही जिन्होंने मानवाधिकार के ऐतिहासिक विकास को क्रमबद्ध तरीके से अवगत कराते हुए कहा कि मानवाधिकार मानव के मूल से जुड़े हुए अधिकार है जिनके आभाव में मानवीय अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि मानवाधिकारो की बढ़ते हुए हनन की समस्या ने मानव के गरिमा पूर्ण जीवन एवम अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या को दूर करने के लिए बहुत से कानून बनाए गए हैं परंतु जब तक व्यापक रूप से मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति जागरूकता नही फैलाई जाएगी तब तक इस समस्या को दूर नही किया जा सकता है।विषय विशेषज्ञ का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वैल्यू एडेड कोर्स के सहसंयोजक प्रो हेमंत नंदागौरी तथा धन्यवाद ज्ञापन डा राजकुमार बंजारे ने किया। उक्त अवसर पर प्रो संजय सप्तर्षि सहित स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के बहुत से छात्र आनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।



14 .रोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन -डॉ. होमी महिकवार

दिग्विजय स्वशासी पी जी महाविद्यालय ,राजनांदगांव के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के *प्राचार्य महोदय डॉ. के. एल. टाँडेकर* जी के कुशल मार्गदर्शन मे एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया था! जिसमें जेटकिंग रायपुर संस्थान के सेंटर हेड *श्री होमी महिकवार जी* अतिथि व्याख्यान हेतु आए थे, साथ ही उन्होंने महाविद्यालय संस्थान के साथ (एम.ओ.यू.) स्थापित करने की हार्दिक इच्छा जाहिर की है,यह व्याख्यान संपूर्ण महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक गण हेतु आयोजित किया गया था, जिसमे मुख्य विषय *डिजिटल वेलबिंग, साइबर क्राइम,नेक्स्ट जेनरेशन कैरियर* के ऊपर था! महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने भविष्य में विद्यार्थियों हेतु इस प्रकार के आयोजन हेतु एच आर विभाग को प्रोत्साहित किया इस आयोजन में मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर अंजना ठाकुर एवं सदस्य डॉक्टर प्रियंका सिंह एवं प्रोफेसर शरद कुमार तिवारी एवं प्रोफेसर विकास कांडे जी उपस्थित थे!

15 .शिक्षक पालक बैठक-

राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने बैठक में उपस्थित पालकों का स्वागत किया तथा उनसे उनके बच्चो की पढ़ाई से संबंधित चर्चा की। साथ ही उनसे विभाग को और बेहतर करने संबंधी सुझाव भी मांगे। उक्त बैठक में स्नातकोत्तर प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो संजय सप्तर्षि व धन्यवाद ज्ञापन डा राजकुमार बंजारे तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो हेमंत नंदगौरी ने प्रस्तुत की।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 07 Dec 2022 - 07rajn3

नवभारत my city

दिग्विजय कॉलेज में शिक्षक पालक बैठक

राजनांदगांव. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन 23 नवंबर को किया गया. इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने बैठक में उपस्थित पालकों का स्वागत किया तथा उनसे उनके बच्चो की पढ़ाई से संबंधित चर्चा की. साथ ही उनसे विभाग को और बेहतर करने संबंधी सुझाव भी मांगे. उक्त बैठक में स्नातकोत्तर प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के पालक उपस्थित रहे.

16 .भूतपूर्व छात्र बैठक-

प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवम विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में एलुमनी बैठक दिनांक 29.11.2022 को आयोजित की गई। बैठक की रूपरेखा प्रो संजय सप्तर्षि द्वारा रखी गई। उन्होंने एलुमनी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह लर्न अर्न और रिटर्न के विचार पर आधारित है इसका तात्पर्य यह है कि आपने महाविद्यालय से शिक्षा(लर्न) ग्रहण करके जो भी हासिल (अर्न) किया अब उसे आपको विभाग को वापस (रिटर्न) करना चाहिए यही इस बैठक का मंतव्य है। आप विभाग के लिए क्या क्या कर सकते है यही आप से अपेक्षा है। उक्त अवसर पर विभाग के पुराने विद्यार्थियों में अमर झा, शिवानी तिवारी, रोशनी शर्मा, श्रेया ताम्रकार सहित अन्य पुरातन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिन्होंने विभाग को उन्नत बनाने हेतु प्रतिबद्धता जताई। आगंतुकों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने, धन्यवाद ज्ञापन डा राजकुमार बंजारे ने किया। प्रो हेमंत नंदा गौरी भी उपस्थित रहे।



17 .गांधी जयंती

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई । उक्त अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर ने गांधी के राजनीतिक विचारों का साझा करते हुए कहा की गांधी को महात्मा कहना सर्वथा उचित होगा क्योंकि उन्होंने न केवल समाज की विसंगीतियों को दूर करने संबंधी विचार दिए बल्कि अर्थशास्त्र एवं राजनीति संबंधी भी विचार दिए , जहा तक उनके राजनीतिक विचारों के बारे मे कहा जाए तो उन्होंने राम राज्य की अवधारणा दी जिसमे पुलिस व न्यायलय का अभाव होगा तथा सभी अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो हेमंत नंदा गौरी ने किया तथा स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी भारी संख्या मे मौजूद रहे।

18. राजनिति विज्ञान विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवम विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि का आयोजन कौरीन भाटा में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवम क्षेत्रीय निवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही करीब 65 लोगो से मतदाता जागरूकता संबंधी सर्वेक्षण किया गया। इसी दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चो से भी मतदाता जागरूकता एवम सामान्य जानकारी संबंधी प्रश्न पूछे गए जिसका उन्होंने सही जवाब दिया। हेड मास्टर श्रीमति रामबती चंद्रवंशी ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी तथा महाविद्यालय के छात्रों को विद्यालय आने तथा छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया।उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर, डा राजकुमार बंजारे, प्रो संजय सप्तर्षि,प्रो हेमंत नंदागौरी सहित स्नातकोत्तर प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



राजनिति विज्ञान विभाग दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा विस्तार गतिविधि का आयोजन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में एवम विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि का आयोजन कौरीन भाटा में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवम क्षेत्रीय निवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही करीब 65 लोगो से मतदाता जागरूकता संबंधी सर्वेक्षण किया गया। इसी दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चो से भी मतदाता जागरूकता एवम सामान्य जानकारी संबंधी प्रश्न पूछे गए जिसका उन्होंने सही जवाब दिया। हेड मास्टर श्रीमति रामवती चंदवंशी ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी तथा महाविद्यालय के छात्रों को विद्यालय आने तथा छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया।उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर, डा राजकुमार बंजारे, प्रो संजय ससर्षि,प्रो हेमंत नंदागौरी सहित स्नातकोत्तर प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

19.साक्षी फाउंडेशन -ऑनलाइन वेबिनार

साक्षी फॉउंडेशन द्वारा रासेयो एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम किया संपन्न।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षी, राजनीति विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर, डॉ राजकुमार बंजारे, सहायक प्राध्यापक, प्रो. हेमंत नंदगौरी के नेतृत्व में साक्षी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे है प्रोजेक्ट द रक्षिन के विषय में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। साक्षी फाउंडेशन ने बताया की किस प्रकार एक लड़की एक महिला या छोटी बच्चियों के यौन शोषण को रोकने के लिए द रक्षिन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। साक्षी फाउंडेशन ने ही यौन उत्पीड़न अधिनियम 2010, किशोर न्याय अधिनियम 2010, पाक्सो एक्ट 2012 को लागु करवाएं। इन अधिनियमो के लागु होने के वजह से आज बाल यौन शोषण में कुछ सुधार हुआ और आज भी इसमें सुधार बाकि है इसी वजह से जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित कर रही है। साथ ही उन्होंने बताया की बाल यौन शोषण के दुर्व्यवहार क्या है किन किन कारणों से हम शोषण के शिकार होते है यह विस्तार से बताएं। बच्चों युवतियों के साथ साथ युवको के साथ भी शोषण किया जाता है तो इस विषय में भी साक्षी फाउंडेशन ने कैसे शिकायत दर्ज करनी है और किस प्रकार शोषण के शिकार होने से बचना है बताया। अंत में कार्यक्रम का आभार रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी द्वारा किया गया और उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट के तहत हम महाविद्यालय स्तर में पर भी जागरूकता अभियान चलायेंगें। इस कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक थानसिंह साहू, दीपक कुमार, विनोद टेम्बुकर, टिकेश्वरी देवांगन रीना साहू अंजलि यादव एवं अन्य लगभग 50 स्वयंसेवी कार्यक्रम में जुड़े रहे।

साक्षी फॉउंडेशन द्वारा ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

राजनांदगांव/अमर छत्तीसगढ़।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.संजय सप्तर्षी के नेतृत्व में साक्षी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे है प्रोजेक्ट द रक्षिन के विषय में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। साक्षी फाउंडेशन ने बताया की किस प्रकार एक लड़की एक महिला या छोटी बच्चियों के यौन शोषण को रोकने के लिए द रक्षिन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। साक्षी फाउंडेशन ने ही यौन उत्पीड़न अधिनियम 2010, किशोर न्याय अधिनियम 2010, पाक्सो एक्ट 2012 को लागु करवाएं। इन

अधिनियमो के लागु होने के वजह से आज बाल यौन शोषण में कुछ सुधार हुआ और आज भी इसमें सुधार बाकि है इसी वजह से जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित कर रही है। साथ ही उन्होंने बताया की बाल यौन शोषण के दुर्व्यवहार क्या है किन किन कारणों से हम शोषण के शिकार होते है यह विस्तार से बताएं। बच्चों युवतियों के साथ साथ युवको के साथ भी शोषण किया जाता है तो इस विषय में भी साक्षी फाउंडेशन ने कैसे शिकायत दर्ज करनी है और किस प्रकार शोषण के शिकार होने से बचना है बताया। अंत में कार्यक्रम का आभार रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षी द्वारा किया गया और उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट के तहत हम महाविद्यालय स्तर में पर भी जागरूकता अभियान चलायेंगें। इस कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक थानसिंह साहू, दीपक कुमार, विनोद टेम्बुकर, टिकेश्वरी देवांगन रीना साहू अंजलि यादव एवं अन्य लगभग 50 स्वयंसेवी कार्यक्रम में जुड़े रहे।

20.व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान:

राजनीति विज्ञान एवं मानव विकास संसाधन समिति के संयुक्त तत्वधान में व्यक्तित्वविकास पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर के निर्देशन में राजनीति विज्ञान एवं मानव विकास संसाधन समिति के संयुक्त तत्वधान में डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में व्यक्तित्व विकास पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. बसंत सोनबेर , सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो संजय सप्तृषि के द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के द्वारा स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया उन्होंने ने व्यक्तिव विकास पर संक्षेप में समझाया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर समस्त विद्यार्थियों से अपने व्यक्तित्व के विकास में सही समय में सही कदम उठने की बात कही उन्होंने नवीन युवा पीढ़ी को अपने व्यक्तिव में महापुरुषों के समान कार्य करने की सलाह दी गई साथ ही अपने से वरिष्ठ लोगो की बातो पर अमल करने का विचार दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. बसंत सोनबेर ने पीपीटी के मध्यम से अपनी विचार बच्चो से साझा किया उन्होंने कहा की किसी भी कार्य करने के लिए एक अच्छे व्यक्तिव के अच्छा व्यवहार बहुत जरूरी है साथ ही अच्छी विचार का जीवन में लाना जरूरी है कुविचारों से दूरी बनया रखना अच्छा होता है । धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजकुमार बंजारे के द्वारा किया गया कार्यक्रम में डॉ के एल टांडेकर,डॉ. अंजना ठाकुर , डॉ. राजकुमार बंजारे प्रो.संजय सप्तृषि, प्रो गोकुल राम निषाद ,प्रो वंदना मिश्रा , प्रो.हेमंत नंदागौरी सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सौ विद्यार्थियो में गीतांजलि साहू, सुरेखा , अनिता पूजा आरती प्रभा आभा, रवि, किशोर आदि ने कार्यकम में भाग लेकर कार्यकम को सफल बनाया।

राजनीति विज्ञान एवं मानव विकास संसाधन समिति के संयुक्त तत्वधान में व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के निर्देशन में राजनीति विज्ञान एवं मानव विकास संसाधन समिति के संयुक्त तत्वधान में डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग में व्यक्तित्व विकास पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. बसंत सोनबेर, सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

